लोक सभा अध्यक्ष ने 03 फरवरी 2022 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में हुई अप्रिय घटना पर नाख़ुशी व्यक्त की

नई दिल्ली 04 फरवरी 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 03 फरवरी 2022 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हुई अप्रिय घटना पर नाख़ुशी व्यक्त की। उन्होंने सदन के अंदर और बाहर अध्यक्षपीठ पर टिप्पणी को सदन की गरिमा और मर्यादा का उल्लंघन बताया। सदन की गरिमा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि सदन की उच्च कोटि की मर्यादा है जिसका सम्मान सभी माननीय सदस्य करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि अध्यक्षपीठ पर बैठने वाले सदस्य को भी अध्यक्ष के सभी संवैधानिक अधिकार हैं।

श्री बिरला ने आगे कहा कि सदन में आसन का सदैव प्रयास होता है कि सदन निष्पक्ष रूप से नियम और प्रक्रियाओं से संचालित हो। श्री बिरला ने नियमावली के उल्लेख करते हुए कहा कि सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति को आसन के बारे में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, क्यूंकि इससे संसदीय लोकतंत्र पर आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर व बाहर की जाने वाली टिप्पणियों को उन्होंने गंभीरता से लिया है। संसदीय आचरण का हवाला देते हुए श्री बिरला कहा कि संसद सदस्य सदन के बाहर और सोशल मीडिया पर टिप्पणी नहीं करें, यही उचित होगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी सदस्यों का व्यवहार, आचरण सदन की मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। श्री बिरला ने अपेक्षा ज़ाहिर की कि सदस्य सदन और आसन की गरिमा बढ़ाने में सहयोग करेंगे।

इस चर्चा में सदन के दलों के नेताओं ने भाग लिया एवं आसन की गरिमा को बनाये रखने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।